पत्र संख्या–1/स्था० (2) 03/2025–......................./

बिहार सरकार

डयेरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

प्रेषक,

जीतेन्द्र कुमार मिश्रा,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना।
निदेशक, मत्स्य, बिहार, पटना।
निदेशक, गव्य, बिहार, पटना।
निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना।
सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, बिहार।
सभी संयुक्त मत्स्य निदेशक, बिहार।
सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार।
सभी क्षेत्रीय/संयुक्त निदेशक, गव्य, बिहार, पटना।
सभी उप मत्स्य निदेशक, बिहार।
सभी उप निदेशक, गव्य, बिहार।
सभी जिला मत्स्य पदाधिकारी, बिहार।
सभी जिला गव्य विकास पदाधिकारी, बिहार।

पटना–15, दिनांक– /2026

विषय :– **बिहार पशु चिकित्सा सेवा/बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० का लाभ प्रदान करने हेतु वांछित सूचना एवं दस्तावेज उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार पशु चिकित्सा सेवा/बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के वैसे पदाधिकारी जिनकी सेवा (नियुक्ति की तिथि से) 10 वर्ष/20 वर्ष/30 वर्ष पूरी हो चुकी है, उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० का लाभ दिया जाना है।

अतः अनुरोध है कि अपने–अपने कार्यालय अधीनस्थ बिहार पशु चिकित्सा सेवा/बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों (जिन्हें ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० देय है) से संबंधित सूचना संलग्न जाँच पत्र में भरवाकर अनुमान्य ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० की देय तिथि के पूर्व के पाँच वर्षों का वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति (कार्य मूल्यांकन प्रतिवदेन/विशेष चारित्री) एवं यदि लागू हो तो वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2025–26 तक का e-Sparrow पद्धति द्वारा अभिलेखित PAR (कार्य मूल्यांकन प्रतिवदेन) 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि इस संबंध में ससमय पदाधिकारियों को वित्तीय उन्नयन का लाभ दिया जा सके।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः—1/स्था० (2) 03/2025—1802/पटना—15, दिनांक—13/4/2026

प्रतिलिपिः—विभागीय आई०टी० प्रबंधक को सभी संबंधित पदाधिकारियों को ई—मेल करने/विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव।

वित्तीय उन्नयन योजना के लाभ हेतु

ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 योजना के अधीन वित्तीय उन्नयन प्रदान करने के प्रयोजनार्थ जाँच प्रपत्र।

1	विभाग/कार्यालय का नाम	–
2	सरकारी सेवक का नाम	–
3	जन्म तिथि/सेवानिवृत्ति की तिथि	–
4	सरकारी सेवा में प्रथम नियुक्ति की तिथि एवं पदनाम	–
5	सरकारी सेवा में प्रथम योगदान की तिथि	–
6	वर्त्तमान धारित पद पर योगदान की तिथि/वेतनमान	–
7	विभागीय परीक्षा उत्तीर्णता की तिथि	–
8	सेवा सम्पुष्टि की तिथि	–
9	संविलियन का लाभ प्राप्त हुआ है या नहीं पूर्ण विवरण दें	–
10	यदि कोई प्रोन्नति मिली हो तो विवरण	–
	क. कनीय प्रवर कोटि	–
	ख. वरीय प्रवर कोटि	–
	ग. प्रथम कालबद्ध	–
	घ. द्वितीय कालबद्ध	–
	ड. उच्चतर पद (जिस पर प्रोन्नति मिली हो)	–
	च. दिनांक 09.08.1999 से देय प्रथम सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन का लाभ	–
	छ. द्वितीय सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन का लाभ	–
	ज. तृतीय सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन का लाभ	–
11	यदि प्रोन्नति रद्द कर दी गयी हो तो उसका विवरण	–
12	दिनांक 01.03.2026 को कुल सेवा अवधि	–
13	दस (10) वर्षों की नियमित सेवा पूर्ण करने की तिथि एवं देय प्रथम रूपांतरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन की तिथि	–
14	बीस (20) वर्षों की नियमित सेवा पूर्ण करने की तिथि एवं देय द्वितीय रूपांतरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन की तिथि	–
15	तीस (30) वर्षों की नियमित सेवा पूर्ण करने की तिथि एवं देय तृतीय रूपांतरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन की तिथि	–
16	विभागीय आरोप/विभागीय कार्यवाही/अपराधिक कार्यवाही की स्थिति	–
17	वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति (देय तिथि से पिछले पाँच वर्ष का) एवं यदि लागू हो तो वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2025–26 तक का e-Sparrow पद्धति द्वारा अभिलेखित PAR (कार्य मूल्यांकन प्रतिवदेन)	–

संबंधित पदाधिकारी का हस्ताक्षर

नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर
मुहर सहित